हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 15 जून 2025




## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।








संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.


# ग्राम पंचायत की एनओसी बगैर जलाशय से पानी देने की अनुमति, पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंदावानी जलाशय से एक फैक्ट्री को पानी देने के लिए बिछाई जा रही पाईप लाइन के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। सिंचाई विभाग ने जहां ग्राम पंचायत की एनओसी के बगैर ही जलाशय से पानी देने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। वहीं पीडब्ल्यूडी महकमे का साफतौर पर कहना है कि सिंचाई विभाग की एनओसी के आधार पर ही उन्होंने सड़क के किनारे पाईप लाइन बिछाने की अनुमति दी है। आसपास के करीब आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के अधिकारियो द्वारा लगातार धमकी और दबाव बनाकर पाईप लाइन बिछाई जा रही है और प्रशासनिक अमला कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलझर में न्यू लुक बायो फ्यूल फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इंदावानी जलाशय से पानी लेने के लिए पाईप लाइन बिछाई जा रही है। जिससे पिछले एक माह से आसपास के करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। इधर इस पूरे मामले की जब हरिभूमि ने पड़ताल की तो सिंचाई विभाग ने एनओसी दी है और पीडब्ल्यूडी महकमे ने कुछ शर्त के साथ अनुमति दी है, लेकिन दोनों ने ही यह उल्लेख किया है कि यदि ग्रामीणों की आपत्ति आती है तो यह अनुमति स्वयमेव ही समाप्त हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि जनवरी में सिंचाई विभाग ने पानी की गणना कर एक पत्र कंपनी को दिया था। कंपनी ने ग्राम पंचायत की एनओसी जमा नहीं की और इस बीच कंपनी द्वारा पीडब्ल्यूडी में सिंचाई विभाग का यही पत्र लगाकर रोड किनारे पाईप लाइन बिछाने की अनुमति मांगी गई। पीडब्ल्यूडी ने रोड कांक्रिट की राशि लेकर परमिशन जारी कर दिया। ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे विरोध के बाद अब दोनों विभाग आमने-सामने की स्थिति में हो गए हैं।

## एनओसी को अनुमति बताकर पीडब्ल्यूडी से ली परमिशन, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

### जल बोर्ड से अनुमति नहीं

जलाशय से पानी देने का निर्णय राज्य के जल बोर्ड द्वारा किया जाता है, लेकिन सरकारी दफ्तरों में जो कंपनी द्वारा दस्तावेज लगाए गए हैं, उसमें कहीं भी जल बोर्ड की अनुमति के कागज नहीं है। यही नहीं सिंचाई विभाग और कंपनी के बीच अनुबंध की कापी भी नहीं है। इससे साफ होता है कि सिंचाई विभाग से कथित एनओसी लेकर ही इंदावानी जलाशय से पानी लेने की कोशिश की जा रही है।



**लेनदेन का भी आडियो वायरल :** टेडेसरा के कुछ भाजपा और कांग्रेस नेताओं द्वारा इंदावानी जलाशय से पानी देने की मौखिक सहमति देने की आड़ में मोटी रकम लिए जाने की चर्चा सरगर्म है। बताया जाता है कि लेनदेन का आडियो भी सामने आ गया है। भाजपा की महिला नेत्री कनक दुबे का कहना है कि सोमवार को वे पत्रकारवार्ता लेकर इसका खुलासा करेंगी।

### भाजपा नेत्री को मिली धमकी

पाईप लाइन बिछाने का विरोध कर रही मगरलोटा पंचायत की पूर्व सरपंच कनक दुबे को जान से मारने की धमकी मिली है। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल कर भाजपा की महिला नेत्री ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने जब विरोध किया तो कंपनी और कुछ लोगों द्वारा उन पर पहले दबाव बनाया गया और फिर धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों के साथ है और किसी भी हालत में जलाशय का पानी नहीं देने देंगे।

### कंपनी को नोटिस जारी

सिंचाई विभाग ने इंदावानी जलाशय से पानी लेने के लिए कोई अनुमति नहीं दी है। रोक लगाने के बाद भी कंपनी द्वारा पाईप लाइन बिछाई जा रही है। नोटिस जारी कर दिया गया है।

- **नीलेश रामटेके**, ईई, सिंचाई विभाग

---

### खबर संक्षेप

## मानसून के शीघ्र सक्रिय होने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में अगले कुछ दिनों में ही मानसून का आगमन हो सकता है। मानसून के आगे बढ़ने की स्थिति बन चुकी है। मानसून आने के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी।

इधर मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में प्रदेश में मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। एक द्रोणिका मराठवाड़ा से तटीय आंध्र प्रदेश तक तेलंगाना होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 70 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण बांग्लादेश और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है।

एक द्रोणिका दक्षिण बांग्लादेश और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिण उड़ीसा तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है । एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी, तटीय आंध्र प्रदेश से दूर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल 15 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। दक्षिण छत्तीसगढ में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। उत्तर छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

---

### रेत के अवैध उत्खनन के लिए जेसीबी और हाइवा देने के मामले में कार्रवाई

# जेसीबी मालिक गिरफ्तार, गोली चलाने वाले शूटरों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिवनाथ नदी मोहड में गत् रात्रि अवैध तरीके से रेत निकालने के मामले में हुए ग्रामीणों से मारपीट एवं फायरिंग मामले में पुलिस अब तक शूटर पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पूर्व में दो आरोपियों पर कार्रवाई के बाद आज जेसबी मालिक अभिनव तिवारी को गिरफ्तार कर कारवाई की गई है।

वार्ड मोहड़ में 11 जून की रात्रि लगभग 7 बजे नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुंचा था, जिसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे, जहां कार में सवार 7-8 लोग उतरकर ग्रामीणों से मारपीट किए थे। इसके बाद गांव में बवाल मच गया था। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सहित जवान पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिए थे। इस मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर बसंतपुर थाना में धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर पुलिस ने विवेचना में लिया था।



### अन्य की तलाश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने जानकारी दी कि इस मामले में जांच जारी है। पूरे घटनाक्रम में संलिप्त लोगों की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम सरगर्मी से पता तलाश कर रही है। अब तक तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। शूटर व अन्य आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्तर से बाहर है। जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### दिनभर रही गहमा-गहमी

मोहड़ कांड में जेसीबी मालिक अभिनव तिवारी को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद सोमनी क्षेत्र के ग्रामीण आज दिनभर बसंतपुर थाना में डटे रहे। समर्थन में आए ग्रामीणों का कहना है कि अभिनव ने जेसीबी को किराये पर दिया था, लेकिन पुलिस उसे आरोपी बना रही है।

**अब तक तीन पर कार्रवाई :** विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवती निषाद पिता परदेशी निषाद 49 वर्ष ग्राम झोला थाना अंडा जिला दुर्ग व संजय रजक पिता शंकरलाल रजक 48 वर्ष मोहड को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। मामले की आगे जांच पड़ताल करते पुलिस ने 14 जून को घटना में शामिल अभिनव तिवारी पिता केशर तिवारी 42 वर्ष ग्राम सोमनी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। इस दौरान वह अवैध तरीके से रेत उत्खनन से संबंधित जानकारी होना व जेसीबी और हाइवा वाहन का मालिक होना बताया, जिसे आज गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया।

### हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

मोहड़ वार्ड में रेत के अवैध उत्खनन का विरोध करने पर माफियाओं द्वारा फायरिंग किए जाने के मामले को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया है। हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले में सख्ती के साथ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

### आज आएगी कांग्रेस की जांच समिति

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पूरे मामले की जांच के लिए विधायक दलेश्वर साहू की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। यह समिति कल दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस पहुंचेगी। इसके बाद मोहड़ पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल करेगी। जांच समिति में विधायक भोलाराम साहू, हर्षिता बघेल, इंद्रशाह मंडावी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू और शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा शामिल होंगे।

# जेसीबी मालिक और थानेदार का आडियो वायरल, टीआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहड़ वार्ड में रेत के अवैध उत्खनन और गोलीकांड के मामले जेसीबी मालिक अभिनव तिवारी और सोमनी के थानेदार सत्यनारायण देवांगन का एक आडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। इस वायरल आडियो में टीआई यह कह रहे हैं कि जेसीबी में हुए नुकसान की न केवल भरपाई करा देंगे, बल्कि इस पूरे प्रकरण में मदद करने का भी आश्वासन दे रहे हैं।

आडियो वायरल होने के बाद एसपी मोहित गर्ग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमनी टीआई सत्यनारायण देवांगन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों के बीच हुई वाट्सअप कालिंग के वीडियो में मामले से जुड़ी गोपनीय जानकारी दी जा रही है। अभिनव और एक फोन नंबर के बीच हुई बातचीत में भी मामले से जुड़े काफी तथ्य सामने आ रहे हैं। यह नंबर किसी संजय का बताया जा रहा है। इधर परिवारजनों का कहना है कि अभिनव को फंसाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार भी लगाई है।

सोमनी थानेदार को निलंबित करने के बाद थाने की कमान उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव को सौंपी गई है।

**जांच के आदेश :** इस मामले में सोमनी टीआई को सस्पेंड करने के साथ ही जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि एएसपी स्तर के अफसर को जांच अधिकारी बनाया जा रहा है। इस आडियो से पुलिस महकमे में भी खलबली मच गई है।

# अचानक पहुंचे डीजीपी, कहा: होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डीजीपी अरूण देव गौतम आज आकस्मिक जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीजीपी श्री गौतम के पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव आगमन पर उन्हें सलामी दी गई। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य, राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई एसपी लक्ष्य शर्मा, मानपुर-मोहला-अं. चौकी एसपी यशपाल



सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण डीजीपी ने किया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में रेंज के तीनों जिले से आए एसपी,

⏩ शेष पेज 16 पर

### रेत मामले में प्रभावी कार्रवाई

पत्रकारों से चर्चा के दौरान डीजीपी ने बताया कि जिले में आज उनका आकस्मिक निरीक्षण था। इस दौरान आईजी, एसपी से चर्चा की। पीटीएस में पौधरोपण एवं ग्राउंड, पीटीएम में चल रहे प्रशिक्षण को देखा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रेत मामले में प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई चल रही है।

# बगैर रायल्टी रेत की तस्करी, एसडीएम ने जब्त की 8 हाइवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेत के अवैध उत्खनन के बाद उसका परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ अब कार्रवाई का दौर शुरू हो गया है। जिले के खनिज विभाग ने शुक्रवार देर रात आठ हाइवा को जब्त किया है। इनमें डोंगरगांव और भरेंगांव में हुई कार्रवाई शामिल है। खास बात यह है कि इन हाइवा में पड़ोसी जिलों से बिना रायल्टी के रेत और गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था।



उल्लेखनीय है कि बारिश को देखते हुए प्रदेशभर में अब रेत उत्खनन पर रोक लग गई है। इसके बाद भी रेत की चोरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही थी। जिले के हाइवा संचालक पड़ोसी जिलों से रेत और गिट्टी ला रहे थे। शिकायतों के आधार पर राजनांदगांव एसडीएम खेमलाल वर्मा ने जिला खनिज विभाग को एक्शन लेने के निर्देश दिए थे। जिसके अनुसार ही शुक्रवार की रात को टीम ने कार्रवाई करते यह आठ वाहनों को अवैध तरीके से परिवहन करते जब्त किया है।

### डोंगरगांव में चार, भरेंगांव में 4 वाहन जब्त

मिली जानकारी के अनुसार जिला खनिज विभाग द्वारा कुल आठ वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। इनमें चार वाहन डोंगरगांव इलाके से पकड़ी गई है। जिसमें एक हाइवा में रेत, एक हाइवा में गिट्टी एवं दो माजदा में गिट्टी लाया जा रहा था। ऐसे ही भरेंगांव में पकड़े चार हाइवा पकड़े गए हैं। इन सभी चार हाइवा में चारामा-धमतरी से बगैर रायल्टी के रेत लाई जा रही थी।

---

### पिछले महीने 36 करोड़ की बिकी शराब, लगभग 16 करोड़ कमी

# बार्डर पर सिर्फ नाम की नाकेबंदी: एमपी-महाराष्ट्र से आ रही शराब, शासन को राजस्व का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगातार शिकायतें सामने आने के बाद भी जिले में पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्यों से शराब की खेप लगातार जिले में लाई जा रही है। जबकि बड़ा सवाल यह है कि पिछले दिनों डोंगरगढ़ के करवारी में पुलिस की कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग ने बार्डर पर अपनी पहरेदारी बढ़ाने का दावा किया था। जिसके बाद भी तस्करी नहीं रूकना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। पड़ासी राज्यो से शराब आने का सीधा असर प्रदेश सरकार के राजस्व पर देखने को मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार तीन से चार रूट के जरिये पड़ोसी राज्यों से शराब लाई जा रही है। सूत्रों की माने तो पूरा खेल सेटिंग से चल रहा है। पड़ोसी राज्यों से शराब लाकर लोगों को उपलब्ध कराने के इस खेल में सभी को हिस्सा प्राप्त हो रहा है। यही कारण है कि बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। जबकि इस अवैध कारोबार से प्रदेश सरकार के राजस्व को नुकसान हो रहा है।

⏩ शेष पेज 16 पर

### खास बातें

- हर महीने आ रही लाखों रुपए की शराब, तस्करी का पूरा सिंडिकेट तैयार



### हर महीने लाखों की कमाई

पड़ोसी राज्यों से शराब तस्करी करने के इस खेल में हर महीने मोटी कमाई की जा रही है। बताया गया कि रोजाना सैकड़ों बोतल शराब प्रदेश में महाराष्ट्र और एमपी से लाई जा रही है। इसके बदले संरक्षण देने वाले लोगों को लाखों रुपए का कमीशन भी बांटा जा रहा है। यहीं कारण है कि कार्रवाई नहीं हो रही है।





## संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**24 घंटे आपात चिकित्सा**
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### कंटेनर डिवाइडर से टकराकर पलटा

**टाटेकसा।** बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत मवेशियों को बचाने के प्रयास में घोरतलाव के भारत पेट्रोल पंप के सामने ट्रक क्रमांक आरजे 14 जी 05440 डाक पार्सल कंटेनर डिवाइडर से टकराकर पलट गया।इस घटना में चालक को मामूली चोंट आई है। घटना के बाद कुछ देर तक जाम की स्थिति बन गई थी। हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने सूझबूझ के साथ नेशनल हाईवे को वन वे कर कंटेनर ट्रक को क्रेन से उठावाकर रास्ता साफ कराया।

### गोदाम से 20 हजार के बर्तन पार

**डोंगरगढ़।** शहर से लगे अछोली की एक दुकान की गोदाम से 20 हजार के बर्तन चोरी होने की खबर है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसाार बुधवारीपारा निवासी दीपक निषाद पिता प्रभुलाल निषाद प्रतिदिन बर्तन बेचने गांव-गांव टाटा मैजिक मालवाहक से जाता है। उसकी बुधवारी में एक दुकान भी है। गुरुवार को अपने वाहन को गोदाम में खड़ाकर घर चला गया था। शुक्रवार को सुबह जब उसने गोदाम का ताला खोलने का प्रयास किया गया तो ताला टूटा मिला। चोरी के अंदेशे के बीच गोदाम के प्रवेश कर देखा तो बर्तन नहीं थे। उन्होंने करीब 20 हजार के बर्तन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया है। कुछ माह पूर्व बगदई पारा के एक शिक्षक के घर में चोरी की घटना तब हुई थी जब सभी सदस्य बाजार गए थे। चोर 5 लाख से अधिक के जेवरात, नगद ले गए थे। घटना के बाद चोर अब तक पकड़ में नहीं आए हैं।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में अनियमितता

**सड़क अतरिया।** सरकार के निर्देशानुसार सभी पंचायत में शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना में 70 से अधिक उम्र के वृद्ध जनों को भी शामिल किया गया है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंचायतों में चार दिवस की कार्य योजना बनाकर कर्मचारियों की नियुक्ति किया गया है। रामीणों ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने में अनियमितता बरती जा रही है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनने की जानकारी नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में अभी तक मुनादी नहीं हुई है, जबकि सभी गांव में आयुष्मान कार्ड बनने तथा तय तिथि की जानकारी मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को दिया जाना है। जानकारी अनुसार विभाग द्वारा सभी पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनाने लिए चार तय दिवस निर्धारित है। आदेश जारी कर कर्मचारियों को भी मौजूद रहने कहा गया है जिसके तहत तय तिथि पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक उपस्थित रह कर आयुष्मान कार्ड बनाना है। बहुत से ग्रामीण आयुष्मान कार्ड बनवाने पंचायत पहुंचते हैं पर किसी की उपस्थिति नहीं होने पर वापस लौट जाते हैं।

### बैठक आहुत कर खुद गायब रहा शिक्षक

# शिक्षक का विरोध, बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे पालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सोमवार से नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है। स्कूल खुलने के पहले ही प्राथमिक शाला धोधा विवादों के घेरे नजर आ रही है। ग्रामीणों और पालकों ने शिक्षक शिव श्रीवास्तव की पुनः पदस्थापना का कड़ा विरोध करते हुए बच्चों को स्कूल नहीं भेजने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त विद्यालय बीते कुछ वर्षों से विवादों में है। पूर्व में यहां प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ रहे शिव श्रीवास्तव का विवाद के बाद तबादला कर दिया गया था। उनके स्थान पर शिक्षक दिनेश साहू की पदस्थापना की गई थी। अब शिक्षक दिनेश साहू का तबादला हो गया है और शिव श्रीवास्तव को पुनः प्राथमिक शाला धोधा में पदस्थ कर दिया गया है। उनकी पुनः पदस्थापना की जानकारी मिलने पर पालक, पंच, सरपंच और शाला विकास समिति के सदस्यों ने शिक्षक दिनेश साहू की वापसी और शिक्षक शिव श्रीवास्तव की पदस्थापना नहीं करने की मांग जिला शिक्षा अधिकारी से की थी। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक शिव श्रीवास्तव द्वारा प्राथमिक शाला में एक बैठक का आयोजन 14 जून को रखा गया था। इस बैठक में शाला विकास समिति, पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच, पालक और ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया था। सभी सुबह 10.30 बजे स्कूल के सामने पहुंच गए थे, परंतु आयोजक शिक्षक शिव श्रीवास्तव समय पर नहीं पहुंचे। आधे घंटे तक इंतजार के बाद सभी लौट गए।

#### लेट आते हैं स्कूल

ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक शिव श्रीवास्तव हमेशा से समय पर स्कूल नहीं पहुंचते थे और बच्चों को पढ़ाने में उनकी रुचि नहीं है। इसी कारण पूर्व में उन्हें हटाने के लिए ग्रामीण लामबंद हुए थे। अब पुनः उनकी नियुक्ति शासकीय प्राथमिक शाला धोधा में हो गई है और वह बैठक में भी नियत समय पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि लापरवाह शिक्षक को हटाया नहीं गया तो वह विरोध करेंगे और बच्चों को इस स्कूल नहीं भेजेंगे। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजेश जंघेल, सरपंच दूजेराम वर्मा, अनीश राजपूत, रूपलाल वर्मा, राजेश वर्मा, योगेंद्र कौशिक, मनेश वर्मा, रामेश्वर वर्मा, राजकुमार यादव, रानीबाई सहित सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी उक्त निर्णय का समर्थन किया है।

# मरम्मत नहीं होने से सड़कें हुई बदहाल, कब होगा उद्धार

### गड्ढों से बढ़ी दुर्घटनाएं, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा



विकासखंड की विभिन्न सड़कों का हाल बेहाल है। सबसे बुरी हालत डोंगरगढ़ से खैरागढ़ सड़क की है। इस सड़क पर अनगिनत गड्ढे हो गए है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। हाल ही में डोंगरगढ़ के युवक की ढारा के समीप दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस तरह की कई घटनाएं सड़क पर आए दिन हो रही है। जानकारी के अनुसाार कई सड़कों की हालत को देखते हुए मरम्मत कराया जाना आवश्यक है। समय पर मरम्मत नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में दुर्घटना के आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है। सड़कों की वर्तमान हालत को देखते हुए बरसात के दिनों में बनने वाले हालात का सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है।

#### विभाग गंभीर नहीं

सड़कों की हालत खस्ता होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत कराने के लिए न तो सड़कों का सर्वे कराया है और न मेंटेनस कराया है। विभाग की लापरवाही को देखते हुए कहा जा रहा है कि उसे दुर्घटना होने का इंतजार है। इसी प्रकार डोंगरगढ़ से ठेलकाडीह, डोंगरगढ़ से चिचोला, डोंगरगढ़ से बोरतलाव सहित अन्य प्रमुख सड़के जो ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ती है की हालत बहुत खराब है।

# आधुनिक शिक्षा देने शिशु मंदिर के आचार्यों को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



■ प्रशिक्षण वर्ग में मिली उपयोगी जानकारी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में दो दिवसीय प्रोजेक्टर कंप्यूटर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग का प्रारंभ प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद एवं विज्ञान कंप्यूटर के आचार्य विशेष साहू ने पूजा अर्चना कर किया।

आयोजन के प्रथम दिवस रितेश बंजारे ने प्रोजेक्टर का संचालन एवं शिक्षण कौशल आदि के बारे में बताया। इसी क्रम में दूसरे दिन शिक्षक विशेष साहू ने सभी को स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, इंटरनेट और कंप्यूटर के माध्यम से एमएस एक्सल, एमएस पावर प्वाइंट, एमएस वर्ड एवं कंप्यूटर संबंधित कार्य करना सिखाया। प्रधानाचार्य निषाद ने सभी को कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उपयोग अधिक से अधिक करने की सलाह दी। आचार्य थलेश साहू ने सभी लोगों का उत्साह वर्धन किया। संचालन सुरेश दास वैष्णव ने किया।

इस दौरान धर्मेंद्र गोमास्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, संध्या मिश्रा आदि मौजूद थे।

# अनुबंध कराने 48 दुकानदारों को अंतिम नोटिस

### आबंटन के सालों बाद किराया तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

व्यवसायिक परिसर के दुकानदारों द्वारा आबँटन के करीब पांच साल बाद भी अनुबंध नहीं किया गया है। अनुबंध नहीं होने से किराया का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। अब नगर प्रशासन ने नुकसान को देखते हुए मामले को गंभीरता से लेते हुए 48 दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए आगामी 30 जून तक अनुबंध करने की प्रक्रिया पूरी करने कहा है। निर्धारित मियाद के बाद आबँटन निरस्त करने की कार्रवाई की जा सकती है।

नगर प्रशासन ने नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने कहा है ताकि दस्तावेज लेखन कर दुकान लीज, किरायेदारी अनुबंध के पंजीयन की कार्रवाई की जा सके।

नगर प्रशासन ने जिन दुकानदारों को नोटिस जारी किया है उसमें अशोक शाह, शकुनबाई शेंडे, रफीक खान, बसंत रामटेके, जितेन्द्र गुप्ता, महेश रामटेके, महेश कुमार गुप्ता, गजानंद पटवा, विभा गुप्ता, सुनील रामटेके, संतराम देवांगन, गौतम लेंझारे, कमलेश देवांगन, बाबूलाल यादव, राजेश, अजय रामटेके, निलेश, कलाबाई महार, मूलचंद गुप्ता, शाहिद खान, घासूराम पटेल, नाजमा बेगम, शंकरलाल साहू, नाहिद अख्तर, संपत साहू, आरिफ खान, शहिद अख्तर, जहीन अहमह, मेहतरीनबाई ढीमर, पुसउराम साहू, अनवर खान, शेख अमीन, रुपनारायण गुप्ता, बृजलाल नाई, दीनाराम देवांगन, गंगाराम नाई, राजेश देवांगन, संतु पांडे, लता तिवारी, धनमतबाई साहू, महेन्द्र राजपूत, धनीराम श्रीवास, इकबाल तंवर, लक्ष्मी रामटेके, माखनलाल नाई, अनिल, पवन सोनी शामिल है।

#### कई ने बेच दिया दुकान

जानकारी के अनुसार व्यवसायिक परिसर के कुछ दुकानदारों ने अन्य को आबंटित दुकान बेच दिया है। नगर पंचायत के रिकार्ड में दुकानदार कोई और है तो दुकान पर काबिज कोई और है।

### शराब की अवैध बिक्री से ग्रामीण परेशान

**सड़क अतरिया।** ग्राम में शराब की अवैध बिक्री का मामला एक बार फिर तुल पकड़ने लगा है। ग्राम में कुछ व्यक्तियों द्वारा शराब की अवैध बिक्री किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों की लत पड़ रही है वहीं गांव का माहौल खराब हो रहा है। शाम से ही गावं में शराबियों का हुजुम जमा हो जाता है। नशे में धुत होकर लोग गाली गलौज करते है। गांव में शराब बिकने से नाबालिक एवं युवा नशा के शिंकजे में फंसते जा रहे हैं। शराबियों के कारण शाम के बाद महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। ग्रामीण शराब बिक्री पर अंकुश लगाने पंचायत प्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं पर अब तक पर रोक नहीं लगी है।

# रचनापाठ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. नंदूलाल चोटिया की स्मृति में सृजन संवाद भवन दिग्विजय कॉलेज में विचार गोष्ठी एवं रचनापाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकबाबू, विशिष्ट अतिथि डॉ. कोमल सार्वा, अब्दुल सलाम कौसर, परमेश्वर वैष्णव व अध्यक्षता प्रभात तिवारी ने की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. कोमल सार्वा ने कहा कि चोटिया राजनांदगांव अंचल के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार थे। वह एक जन कवि थे। साथ ही स्पष्टवादी वक्ता एवं मंच संचालक भी थे। उनके आसपास कवियों का एक जमघट सा लगा रहता था। प्रोफेसर थानसिंह वर्मा ने कहा जिस समय चोटिया ने होश संभाला उस समय 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना हो चुकी थी। चोटिया सहज रूप से मानवीय संवेदनाओं को जनमानस तक पहुंचा देते थे, उनके काव्य संग्रह फसल, रोटी, भूख कविता में उनके विद्रोही स्वर दिखाई देते हैं। प्रभात तिवारी ने चोटिया के साथ किए गोष्ठियों व कवि सम्मेलनों को याद करते अपनी बात रखी। लोकबाबू ने कहा कि चोटिया अपनी बात सामने ही रखना पसंद करते थे। वे मजाक में गंभीर बातों को सामने रख देते थे। अब्दुल सलाम कौसर ने चोटिया को याद करते अपनी ग़ज़लें प्रस्तुत की। परमेश्वर वैष्णव ने द्वितीय सत्र के काव्य पाठ की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार इंदौर, गिरीश ठक्कर, कुबेर साहू, यशपाल जंघेल, डॉ. गजेंद्र बघेल, ओमप्रकाश अंकुर, मुकेश रामटेके, रोशन साहू, पोषण वर्मा, संकल्प यदु, लखनलाल साहू, आनंदराम साहू, सुषमा शुक्ला, बलराम सिन्हा, कुलेश्वर दास साहू, दोहरदास साहू ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर आत्माराम कोसा, थनवार महिलांगे एवं अंचल के साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण साहू एवं आभार प्रदर्शन हरेंद्र कंवर ने किया।

# औपचारिक रहा एलबी नगर का जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ शिविर में 148 ने दिए आवेदन

लाल बहादुर नगर मे बीते दिवस राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 148 लोगों ने आवेदन दिए। शिविर में अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम, तहसीलदार सोनित मेरिया, नायब तहसीलदार राजेश नेताम, राजस्व निरीक्षक, पटवारी शामिल हुए। शिविर में 147 आवेदनों में से 58 निराकृत हुए। शिविर में शिकायत के 10, सीमांकन के 8, बटवारा के 12, त्रुटि सुधार के 36, नामांतरण के 5, अतिक्रमण के 8, ऋण पुस्तिका 7, आवासीय पट्टे के 43, निवास प्रमाण पत्र के तीन, आय जाति के 15 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडपे, नारायणगढ़ के सरपंच जफर अली शामिल हुए। अपर कलेक्टर ने लोगों की शिकायतों को सुना तथा निराकरण का हर संभव प्रयास किया।

#### जमीन के पट्टा की मांग

अमलीडीह के बड़ी संख्या में ग्रामीण गोकुल सिंन्हा के नेतृत्व में शिविर में पहुंचे। उन्होंने अपर कलेक्टर को बताया कि वह 30 वर्षों से कच्चे मकान बनाकर रह रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में उनका नाम आ गया है किंतु पट्टा नहीं होने के कारण उन्हें आवास योजना से वंचित होना पड़ रहा है। गोकुल सिन्हा, लोमस कंवर, रामकुमार, लतेल राम, टेकराम, दौलतराम, नरसिंह निषाद, धनसिंह, राम यादव, तीजूराम यादव, दिनेश, मनहरण निषाद, कुंजलाल, फागूराम, चोवाराम निषाद, मोनिका निषाद, ममता निषाद, डोमन यादव, मिथुन यादव, मंथीरराम, प्रीतराम, बुधराम निषाद, टोमन निषाद, वीरेंद्र कंवर, पुनाराम, चुनूराम, तुलाराम, गोकुल राम, रमेश, बिमलाबाई, संतोष, पुसऊराम सहित अन्य ने पट्टा देने की मांग किया।

# रक्तदाता प्रजेश सहारे का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



■ अब तक 36 बार कर चुके रक्तदान
■ लोगों को कर रहे प्रेरित

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव ने रक्तदान को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों का सम्मान किया।मेडिकल कॉलेज पेंड्री के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर के समाजसेवी, स्वास्थ्यकर्मी और रक्तवीर शामिल हुए। इस समारोह में नागसेन बुद्ध विहार यूथ डोंगरगढ़ के सदस्य प्रजेश सहारे को 36 बार रक्तदान करने और रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुर्रे ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. कुजूर, डॉ. रिकू, ब्लड बैंक प्रभारी चुमेश साहू, प्रो एचएस भाटिया, समाजसेवी फनेंद्र जैन, नागेश यदु, योगेश कंडरा सहित अन्य मौजूद थे।

#### एक हादसा जिसने बदली दिशा

प्रजेश सहारे का सेवामूलक सफर 2014 में एक दर्दनाक घटना से शुरू हुआ। एक महिला की दुर्घटना के बाद रक्त की कमी के चलते मृत्यु हो गई। इस घटना ने उन्हें झकझोर दिया और तब उन्होंने रक्तदान करने का संकल्प लिया। उन्होंने न केवल नियमित रक्तदान करना शुरू किया बल्कि रक्तदान संबंधी भ्रांतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। वह अब तक 36 बार रक्तदान कर चुके हैं।

#### कोरोना काल में भी रहे एक्टिव

कोरोना के प्रकोप के बाद जब लोग घरों में कैद थे, तब प्रजेश सहारे ने अपने साथियों के साथ रक्तदान शिविर आयोजित किया। नागसेन बुद्ध विहार यूथ डोंगरगढ़, मुस्लिम यूथ संगठन, सिख समाज, साहू समाज एवं अन्य छात्र-युवा मंचों ने भी इस कार्य में भरपूर साथ दिया। वह अब तक 2000 से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर चुके हैं। इस कार्य में उनके माता-पिता, पत्नी, भाई और मित्र सहयोग दे रहे हैं।

### अनुयायियों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जयंती

# कबीर की राह और आदर्श पर चलने की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

समाज सुधारक कबीर साहेब का प्राकटोत्सव उनके अनुयायियों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। कबीर जंयती के अवसर पर मानिकपुरी समाज, कबीर मंदिर समिति तथा कबीर पंथियों ने नगर में विविध आयोजन किए।

जयंती के अवसर पर कबीर मंदिर एवं मानिकपुरी धर्मशाला में सात्विक यज्ञ, चौका, आरती किया गया। दामाखेडा के महंत मुक्तावनदास एवं टीम ने सात्विक यज्ञ चौका आरती कराया। इस मौके पर भजन गायक प्रदीप मानिकपुरी ने दोहों को भजनों के रूप में प्रस्तुत किया।

#### शिक्षा को हथियार बनाने का आव्हान

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने कबीरदास के आदर्श को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उन्होंने 14 वीं शताब्दी में दोहों के माध्यम से समाज सुधार की दिशा में कदम उठाया था। उन्होंने विकास के लिए शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढने का आहवान किया। उपाध्यक्ष पवन गुप्ता तथा शिक्षक अर्जुनदास साहू ने कबीर अनुयायियो को संत के बताए मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। संचालन प्राचार्य श्री मानिकपुरी एवं आभार ज्ञापन दुर्गा मानिकपुरी ने किया।



**विद्यार्थियों का सम्मान**

कबीर जयंती के अवसर पर कबीर मंदिर समिति तथा कबीर अनुयायियों ने पार्षदों, नगर अध्यक्ष का सम्मान किया। जनप्रतिनिधियो के सम्मान से पूर्व मानिकपुरी समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। सम्मान समारोह में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद विनोद डेहरिया, ईश्वरी ध्रुवे, किशुन पटेल, उमाशंकर निषाद, मुकेष सिन्हा आदि शामिल हुए।

#### दिखावे से रहे दूर

दामाखेडा के महंत मुक्तावन दास ने सामाजिक जनों को कुरीतियों, आडम्बर तथा दिखावे से दूर रहने की सीख दी। चौका आरती के बाद मंदिर में प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान एम मानिकपुरी, बिसाहूदास मानिकपुरी, सुकृतदास मानिकपुरी, प्राचार्य श्री मानिकपुरी, जिलाध्यक्ष गोविंददास मानिकपुरी, ब्लाक अध्यक्ष जागृतदास, रविदास, रोहितदास, मनोहरदास, प्रकाशदास, देवदास, केवलदास, भूषणदास, साहेबदास, शोभितदास, गोविंददास, प्रदीप, शिवशंकर दीवान, दुर्गा मानिकपुरी, शंकरदास मानिकपुरी, तीजनबाई मानिकपुरी, अर्जुनदास साहू, मानिकलाल साहू, योगेन्द्र मिश्रा, मनीष बंसोड आदि मौजूद थे।

// आम-सूचना //

मैं, अपने पक्षकार की ओर से जन-सामान्य को यह आम-सूचना देता हूँ कि. मेरे पक्षकार श्री महेश कुमार आहुजा पिता श्री शंकर लाल आहुजा निवासी चौखड़िया पारा वार्ड न. 35 राजनांदगाव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी है। यह कि, श्री महेश कुमार आहुजा पिता श्री शंकर लाल आहुजा के भूमि स्वामी हक एवं स्वामित्व की भूमि ख.नं. 296/4 एवं 296/5 कुल रकबा 2.00 एकड़ स्थित ग्राम रीवाहगन प. ह.न 4/23 रा.नी.मं. व तहसील. राजनांदगांव में स्थित है। यह कि, मेरे पक्षकार द्वारा श्री प्रकाश चंद डागा से क्रय की गई है। उक्त भूमि को प्रकाश चंद डागा द्वारा शिवगोपाल सोनी से 16 जुलाई 2003 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया था यह कि उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16/07/2003 की मूल प्रति मेरे पक्षकार की गाडी से चोरी हो चुकी है अथवा गुम हो गई जिसकी शिकायत मेरे पक्षकार द्वारा संबधित थाने में कर दी गई है। अतः उपरोक्त कथित पंजीकृत विक्रय पत्र 16/07/2003 यदि कीसी व्यक्ति को मिलती है तो वह मुझसे कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है जिससे मैं मेरे पक्षकार को पंजीकृक विक्रय पत्र प्रदान कर सकू। यदि किसी व्यक्ति विशेष को उपरोक्त वर्णित संपत्ति या पजीकृत विक्रय पत्र से संबधित कोई आपत्ति है तो वह 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सम्पर्क कर आपत्ति लिखित में दे सकता है (अथवा मेरे द्वारा मेरे पक्षकार को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा जिसके पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

स्थान- राजनांदगाव
दिनांक 14/06/2025

आदित्य स्वरूप गुप्ता
अधिवक्ता
भगत सिंह चौक जी. ई. रोड, राजनांदगांव
(छत्तीसगढ़)



केन्द्र में भाजपा की सरकार के 11 साल पूर्ण

# मोदी सरकार की उपलब्धियों का किया बखान, योजनाएं आम लोगों तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 साल पूरे होने पर नवागढ़ विधायक और खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग के केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 साल देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा।

मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि यह कार्यकाल आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की नींव साबित हुआ है। मोदी सरकार की योजनाएं सीधे आम लोगों के जीवन से जुड़ी हैं। आयुष्मान भारत योजना से अब गरीबों को मुफ्त इलाज मिल रहा है। पहले योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचता था, अब सरकारी सहायता सीधे खातों में पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि 27 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। राशन दुकानों में 3 माह का राशन एक साथ लेने जा रहे हितग्राहियों को हो रही फिंगरप्रिंट व ओटीपी की समस्या पर कहा कि 3 माह का राशन देने का फैसला गरीबों के हित में है। उन्हें बार-बार राशन दुकान न आना पड़े, इसी कारण शासन ने यह फैसला लिया है। थोड़ा विलंब हो रहा है एक बार में फिंगरप्रिंट नहीं आने की शिकायत मिल रही है, उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यों की बदौलत अब शासन सेवा का माध्यम बन गया है। आज की राजनीति प्रदर्शन की संस्कृति पर आधारित हो गई है। विदेश नीति में भारत की सांस्कृतिक पहचान दिख रही है। रक्षा निर्यात 30 गुना बढ़ा है और भ्रष्टाचार पर लगातार प्रहार हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को केंद्र में रखा गया है। सरकारी योजनाओं की निगरानी हो रही है, पारदर्शिता के लिए ई नीलामी को बढ़ावा दिया गया है। योग और आयुर्वेद को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाई गई है। वार्ता का संचालन भाजपा नेता विनय देवांगन और घम्मन साहू ने किया। इस दौरान पूर्व जिपं सभापति व पूर्व जिलाभाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, टीके चंदेल, अनिल अग्रवाल, जिपं सदस्य अरुण सिंह, ललित चोपड़ा, पार्षद चंद्रशेखर यादव, कमलेश कोठले, नरेश कुर्रे, राजू सिंह, मोना सिंह, आलोक श्रीवास, गोरेलाल वर्मा, कमलेश सिंह भदौरिया, हर्षवर्धन वर्मा, दिलीप सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



### समस्या गंभीर है दिखवाता हूं

जिले में आजादी के 78 साल बाद अभी भी आदिवासी इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, छुईखदान ब्लॉक के ग्राम इटागढ़ और खैरागढ़ ब्लॉक के कटेमा सहित कई गांव में बिजली, सड़क की सुविधा नहीं पहुंचने की जानकारी मिलने पर मंत्री ने कहा कि समस्या गंभीर है मै दिखवाता हूं। भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में 15वें वित्त आयोग की ग्राम पंचायतों को लंबित भुगतान के संबंध में पूछे जाने पर मंत्री कहा कि प्रशासनिक अधिकारी इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं, जल्द ही भुगतान प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री के समक्ष विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की और जिले की जरूरतों पर चर्चा की। विक्रांत सिंह के नेतृत्व में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जून, जुलाई, अगस्त माह का राशन एकमुश्त वितरण कराने के लिए खाद्य मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गरीबों को राहत देने के लिए यह एक बड़ा कदम इससे हजारों जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता मिल रही है। मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर कार्यालय में चित्रों और आंकड़ों के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसे सभी ने सराहा।

# मातृत्व स्वास्थ्य व राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक

धीमा प्रगति पर जताई गहरी नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित जिले में संचालित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। मातृत्व स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण सूचकांकों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन बिंदुओं पर विशेष कार्ययोजना बनाकर तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करे। बैठक में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत पंजीयन, चार या अधिक प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव और पूर्ण टीकाकरण जैसे प्रमुख मापदंडों में सुधार लाने लक्ष्यानुरूप कार्य करने के निर्देश साथ कलेक्टर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को चिन्हांकित हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करते हुए संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों से उनकी मैपिंग की जाए ताकि समय पर सुरक्षित प्रसव कराया जा सके।

### शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश

बैठक में मातृ और बाल मृत्यु दर पर भी चर्चा बाद कलेक्टर ने इन मामलों में गहराई से ऑडिट कर कारणों की पहचान करने और सुधारात्मक कदम उठाने के लिए विकासखंड मेडिकल अधिकारियों व बीपीएम को निर्देशित किया। वही कम प्रगति लाने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने कहा। राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जिले की रैंकिंग को सुधारने, मौसमी बीमारियों व आपदा प्रबंधन तहत स्वास्थ्य विभाग के अमले को पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिया। मलेरिया, डेंगू और अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार में तेजी लाने कहा।

### प्रभावी ढंग से करें कार्य

इसके अलावा समस्त पोर्टलों की रियल टाइम मॉनिटरिंग, डाटा एंट्री को सुदृढ़ करने और एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित सभी 12 पैकेज ऑफ सर्विसेज को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व स्वास्थ्य संस्थाओं में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि अगली बैठक में सभी विभागीय कार्यक्रमों में विशेष उपलब्धि लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने समस्त अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध और प्रभावी ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। जिपं सीईओ व ऑफिस इंचार्ज ओआईसी हेल्थ प्रेम कुमार पटेल ने स्वास्थ्य अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना के साथ कार्य करने मार्गदर्शन दिया। बैठक में सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, डीपीएम सोनल ध्रुव, नोडल अधिकारीगण, डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर, डिस्ट्रिक्ट अकाउंट्स मैनेजर, विकासखंड मेडिकल अधिकारी, बीपीएम, सेक्टर इंचार्ज और स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# छात्रावासों में तैयारी को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आरंभ से पूर्व जिले के छात्रावासों और आश्रमों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर इन्द्रजीत चंद्रवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह सहित जिले के समस्त छात्रावासों और आश्रमों के अधीक्षक अधीक्षिकाएं शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर ने छात्रावासों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी छात्रावासों में स्वीकृत क्षमता के अनुरूप विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत भर्ती सुनिश्चित की जाए। जिन संस्थाओं में पिछले सत्र में दर्ज संख्या अपेक्षाकृत कम रही है, वहाँ पालकों, विद्यार्थियों व संबंधित शिक्षण संस्थानों से समंवय स्थापित कर अधिक से अधिक नामांकन कराए और भवन विहीन छात्रावासों के लिए शीघ्र नवीन भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उच्च कार्यालय को प्रेषित करने कहा इसके अलावा आवश्यक लघु मरम्मत कार्य सत्र प्रारंभ होने से पहले पूरा करने कहा। अधीक्षक अधीक्षिकाओं को अपने व्यक्तित्व और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाकर छात्रावास का वातावरण प्रेरणादायक बनाने और विद्यार्थी उत्साहपूर्वक पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित करने कहा वही उन्होंने कहा कि जिले का छात्रावास केवल रहने की जगह नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्र होना चाहिए।

### नशे का सामान मिला तो होगी कार्रवाई

स्वच्छ परिसर, स्वस्थ जीवन की भावना को मूर्त रूप देने जिले के छात्रावासों व आश्रमों मे स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर देने परसिर मे गार्डनिंग कर सुंदर, स्वच्छ और हरित वातावरण सृजित करने का सुझाव दिया गया। छात्रावासी विद्यार्थियों की दिनचर्या को नियमित बनाने अध्ययन, खेलकूद, भोजन, मनोरंजन, योगा, व्यायाम, बागवानी, वृक्षारोपण, कचरा निपटान, जल संरक्षण जैसी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित कर उनके सर्वांगीण विकास पर बल देने कहा। संस्था के कमजोर विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुधार को लेकर अधीक्षकों को विशेष प्रयास करने, प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने और विशेष रूप से कन्या छात्रावासों में स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश साथ उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी छात्रावास में तंबाकू या पाउच सामग्री पाई जाती है, तो पहली बार अधीक्षक से स्पष्टीकरण लिया जाएगा परंतु दूसरी बार पाए जाने पर संबंधित को तत्काल पद से हटाया जाएगा। सभी छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने 24 घंटे चौकीदार की उपस्थिति अनिवार्य करने, परमानेंट चौकीदार की अनुपस्थिति में किसी अन्य कर्मचारी के माध्यम से व्यवस्था सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों का प्रतिदिन होमवर्क लेकर विद्यालय द्वारा दिए गए कार्यों की निगरानी करने कहा।

# सोसाइटियों में खाद की किल्लत, किसान परेशान

**डोंगरगढ़।** मानसून की आहट के साथ ही किसानों ने खेती की तैयारी शुरू कर दिया है लेकिन डीएपी एवं युरिया खाद की किल्लत से उनकी चिंता बढने लगी है। बाजार में दूसरी कंपनी की डीएपी आई है जिसे व्यापारी अधिक कीमत में बेच रहे है। थोक व्यापारी गोदामों में खाद का भंडारण कर कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहे हैं। सोसायटियों में खाद की कमी और व्यापारियों की मनमानी से किसानों के सामने परेशानी खड़ी हो गइ है।



### नकली खाद की बिक्री

जानकारी के अनुसार ग्रामीण अंचल में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की बिना ब्रांड की खाद बिक रही है। कई दुकानदार नकली खाद बेच रहे है। क्षेत्र में बीते 10 सालों में नकली खाद बनाने और बेचने का मामला कई बार सामने आया है। कृषि विभाग की सांठगांठ से बिना अनुमति के दर्जनों लोग खाद की बिक्री कर रहे है।

# कलेक्टर ने की स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण की सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ग्राम कोसमर्रा में स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण स्थल पर पहुँचकर अवलोकन किया।

यह कार्य मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत है। स्वीकृति राशि 7.21 लाख है। ग्राम में कुल 2250 गड्ढों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से 1400 गड्ढों का निर्माण हो चुका है। कलेक्टर ने प्रगति की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि शेष कार्यों को समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी दृष्टिकोण से उपयुक्त स्थानों पर वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच भी बनाए जाएं, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन किया जा सके और यह पानी पास के तीन तालाबों एवं एक मिनी परकोलेशन टैंक तक पहुँच सके।

### सीड बॉल तैयार करने के निर्देश

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने बिहान समूह की महिलाओं को सीड बॉल तैयार कर इस परिक्षेत्र में वृक्षारोपण बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पास ही स्थित श्मशान घाट के चारों ओर भी वृक्षारोपण कराने की बात कही, जिससे क्षेत्र का हरित क्षेत्र बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पंचायत पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# स्कूली बसों का भौतिक सत्यापन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी

- बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और एहतियात बरतने जिला प्रशासन ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशन में विशेष जॉच अभियान आयोजित कर जिले में पंजीकृत सभी स्कूल बसों का भौतिक सत्यापन किया, साथ ही चालकों परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

आरटीओ, यातायात पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 16 बिंदुओं के अलावा बसों में वीएलटीडी और पैनिक बटन की स्थिति की जांच की गई।

टीम ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक वाहन में सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस, स्पीड गवर्नर, फायर एक्सटिंग्विशर और फस्ट एड बॉक्स जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। स्पीड गवर्नर की तकनीकी जांच भी मौके पर की गई। इसके अलावा वाहन चालक की आंखों की जांच, चरित्र प्रमाण पत्र और बच्चों से चालक परिचालक दोनों के व्यवहार की निगरानी की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों में यदि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी या खराबी पाई गई तो विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### सुरक्षा मानकों की अनदेखी, होगी कार्रवाई

निरीक्षण दौरान डीएसपी रमेश कुमार चंद्र ने एक बस में अटेंडर की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताया और सभी को स्पष्ट रूप से कहा कि सभी चालक परिचालक यूनिफॉर्म में अनुशासित ढंग से ड्यूटी करें। आरटीओ इंस्पेक्टर विष्णु राजपूत ने स्पष्ट कहा कि जो वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुरक्षित, स्मार्ट और बच्चों के अनुकूल परिवहन व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा ने वाहन चालकों को आपातकालीन देखभाल और फस्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग की जानकारी दी और कहा कि प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण चालक व स्टाफ के लिए अनिवार्य है। इस दौरान यातायात शाखा प्रभारी शक्ति सिंह, सुरेश वर्मा, गन्नूलाल साहू, आशुतोष सिंह, सुशील केरकेट्टा सहित पुलिस व परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास को तत्पर एनबीआईएस

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी विगत नौ वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करती आ रही है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी अपने पच्चीस साल के शैक्षिक अनुभव को ध्यान में रखते हर वह संभव प्रयास कर रहे हैं। जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास निहित है।

शैक्षिक गतिविधि के अलावा शारीरिक व मानसिक रूप से बच्चों को सुदृढ़ बनाने शाला द्वारा कार्य किया जा रहा है। शारीरिक गतिविधि हेतु शाला में विशेष फिजिकल ट्रेनर की नियुक्ति की गई है। शाला में विभिन्न प्रकार के खेलों के साथ सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, व्हालीबाल, क्रिकेट पिच (सभी दो-दो) तैयार है। इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों में शाला के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें 200 बच्चों ने स्वीमिंग करना सीखा। लगातार दो माह तक स्वीमिंग कक्षाएं चलाई गई। स्वीमिंग हमारे संपूर्ण शरीर के लिए लाभदायक व्यायाम है, जो हमें मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखती है। क्रिकेट, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस जैसे खेलों में शाला के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर शाला को गौरवान्वित किया है।



इस वर्ष से शाला में फिजिक्स वाला कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्र फाउंडेशन, नीट एवं जेईई की तैयारी भिलाई पीडब्लू के एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में ऑफलाइन कर रहे हैं।

आकस्मिक परिस्थिति से निपटने कराया पूर्वाभ्यास

# पुलिस लाइन में हुआ फायर सेफ्टी मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आगजनी व गैस टंकी के लिकेज होने की स्थिति में आम लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन में डिफेंस, आगजनी से निपटने माकड्रिल का अभ्यास कराकर जागरुक किया गया। जिसमें सायरन की आवाज सुनते ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने सहित फायर टीम ने आग लगने की स्थिति में राहत और बचाव का अभ्यास किया। आपात स्थितियों में सुरक्षा को लेकर राजनांदगॉव के अग्निशामक दल ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दो समूहों में बांटकर डिफेंस माकड्रिल कराया। आपात स्थिति में सायरन बजने पर क्या करना चाहिए इसके बारे में जानकारी दी गई। गैस टंकी में आग लगने पर आग बुझाने व अग्निशामक यंत्र के उपयोग से आगजनी से राहत व लोगों को बचाने जागरूक किया गया। गैस टंकी पर आग लगने की स्थिति में बिना घबराए सूझबूझ दिखाते हुए उक्त विधि का प्रयोग कर या सुरक्षित स्थानों में जाकर स्वयं व लोगो की जान बचाने का प्रायोगिक तरीका समझाया गया।



### आग लगने पर बताया बचने का तरीका

आगजनी होने की स्थिति में अग्निशामक दल के अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर आग लगने पर लोग उपाय करने से पहले अफरातफरी मचा देते हैं जिससे बचाव कार्य में परेशानी होती है इसलिए आग लगने पर संयम से काम लें। अग्निशामक यंत्र है और उसे हैंडल करना जानते हैं तो सबसे पहले उसे सक्रिय करें और आग बढने पर अग्निशामक दल को बुलाने 101 या 112 नंबर डायल करें। टीम सदस्यों ने इस दौरान तुरंत फायर अलार्म सक्रिय करने, आग बुझाने वाला यंत्र और कंबल तैयार रखने, घर में बेवजह रद्दी व कचरा एकत्र नही करने, खेत-खलिहानों में सूखी घास, लकड़ियों को महफूज स्थान पर रखने, धुएं में घिरने पर जमीन पर बैठने या लेटने, पानी-रेत-फोमकेमिकल का छिड़काव कर आग बुझाने और बिजली के तारों या शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने पर पानी का इस्तेमाल नही करने कहा। आग लगने पर बिजली का मेन स्विच बंद करने, आग फैलने से रोकने आसपास की चीजों को अविलंब हटाने, समय-समय पर फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर, पानी के स्रोत, फोम केमिकल, सार्वजनिक सूचना सिस्टम की जांच करते रहने। थोड़ा या ज्यादा जलने पर ठंडे पानी का कपड़ा जख्म पर रखकर जलन कम करने जैसी सामान्य चीजो से अवगत कराते हुए कहा कि आग लगने की स्थिति मे व्यक्ति यदि इन सुझावो पर तरीके से अमल करे तो काफी हद तक जान माल की सुरक्षा हो सकती है।

# डॉ. गुप्ता ने डॉक्टर बनने सपना देख रहे विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**कवर्धा।** रसिया से एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर आज भारत के एक सरकारी अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहे डॉ. शिवांग गुप्ता ने डॉक्टर बनने का सपना देख रहे देश के विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि उन्होंने नीट-यूजी पास करने की कोशिश में 3 साल तक पढ़ाई छोड़ दी। उन्होंने अपना सब कुछ झोंक दिया, लेकिन यह काफी नहीं था। हर साल, वह पिछले साल से लगभग 80 अंक ज्यादा स्कोर करते थे, लेकिन कटऑफ बस उनसे आगे भागता रहता था। उन्होंने कहा कि यह सब देखकर ऐसा लगता था कि चाहे मैं कितना भी सुधार कर लूं, सिस्टम मुझे सीट नहीं दिला सकता। मुझे लगने लगा था कि शायद मैं डॉक्टर नहीं बन सकता, लेकिन उन्हें 6 साल बाद रसिया में एमबीबीएस करने का विकल्प मिला। उन्होंने रसिया से डॉक्टर की डिग्री प्राप्त की। अंतरराष्ट्रीय अनुभव, दुनियाभर के दोस्त और एक ऐसा करियर प्राप्त किया जिसका उन्होंने सपना देखा था। डॉ गुप्ता ने बताया कि आज वह भारत में एक सरकारी अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहे हैं और छात्रों को अपना रास्ता खोजने में मदद कर रहे हैं, ताकि डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाले सभी विद्यार्थी अपना सपना साकार करें। डॉ गुप्ता ने बताया कि हर साल भारत में सिर्फ 1 लाख मेडिकल सीटों के लिए 20+ लाख छात्र नीट में प्रतिस्पर्धा करते हैं। सरकारी कॉलेज में तो और भी कम छात्र प्रवेश पाते हैं। इस बीच निजी कॉलेज 70 लाख से 1.5 करोड़ रुपए मांगते हैं। साथ ही भारी मात्रा में डोनेशन, लेकिन रसिया में एमबीबीएस की पढ़ाई बिना डोनेशन, बिना कंपटीशन और वैश्विक मान्यता के साथ की जा सकती है।



## सार समाचार

### हाईवे में कार और बाइक की भिड़ंत



**भर्रीटोला।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानपुर से दल्लीराजहरा रोड में ग्राम कहगांव से भर्रीटोला मंडी के पास एक कार और मोटर साइकिल के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम एवं हरित योग थीम पर जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया जाएगा। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय को नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव खेमलाल वर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### ग्रामीणों ने रुकवाया अवैध निर्माण



**सोमनी।** ग्राम सोमनी में अवैध निर्माण बेधड़क किया जा रहा है। व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को तोड़कर नया निर्माण या शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण बेखौफ किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड पांच डबरा पारा की शासकीय भूमि पर निर्माण किया जा रहा था, जिसे पंचों और ग्रामीणों ने मौके पर जाकर रुकवाया। पंच रोशन निषाद, ग्रामीण प्रकाश वर्मा ने ग्राम पंचायत में अवैध निर्माण की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय भूमि पर मकान निर्माण करने के लिए बिना अनुमति के बरगद पेड़ की डंगाल कांट दिया गया है। पंच रोशन निषाद ने कहा कि पंचायत सचिव और सरपंच से शिकायत की गई है। कार्रवाई नहीं होने पर जिला प्रशासन से शिकायत की जाएगी। इस दौरान संतोष यादव, प्रताप मैथिल क्षत्रीय, जितेंद्र साहू, अभन यादव, राजा, श्यामू सहित अन्य उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय योग शिविर 17 से



**राजनांदगांव।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन से आयुष योगा वेलनेस सेंटर राजनांदगांव में पांच दिवसीय योग शिविर आगामी 17 से 21 जून तक का आयोजन किया गया है। जिसके तहत प्रचार के लिए पुष्प वाटिका चौपाटी में डॉ. भारती यादव योग चिकित्सा एवं डॉ. स्नेहा देशमुख योग चिकित्सक द्वारा लोगों को योग सिखाया एवं योग के प्रति जागरूक किया गया।

### 185 ग्राम पंचायतों में एक साथ वृक्षारोपण



**मोहला।** जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अनूठा एवं प्रेरणादायी अभियान चलाया गया। जिसमें जिले की समस्त 185 ग्राम पंचायतों और सभी संकुल संगठन केंद्रों में एक साथ वृक्षारोपण किया गया। इस वृहद अभियान का संचालन कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भारती चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अभियान में जिला व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, पंचायत प्रतिनिधि, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सहभागिता निभाई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पौधे रोपित कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दर्शाया। विशेष बात यह रही कि कई स्थानों पर वृक्षारोपण को एक पेड़ मां के नाम जैसे भावनात्मक अभियान से जोड़ा गया। जिससे यह सिर्फ पर्यावरणीय ही नहीं, सामाजिक और भावनात्मक चेतना का भी संदेश बन गया।

### द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 16 से

**डोंगरगढ़।** बीए, बीकॉम. बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों की परीक्षा 16 जून से प्रारंभ हो रही है। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. ईव्ही रेवती ने बताया कि परीक्षा नेहरू महाविद्यालय के नवीन भवन में निर्धारित समय पर होगी। सभी परीक्षार्थी का आधा घंटा पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से लेकर आना होगा।

## निधन



### सोनराज गोलछा

**राजनांदगांव।** आजाद चौक निवासी सोनराज गोलछा का शनिवार को शाम रायपुर में निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे । वे धर्मचंद, नरेंद्र, सीए राजेश गोलछा के पिता एवं संकेत, अभिषेक, पार्श्व तथा गौरव गोलछा के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा 15 जून रविवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### मोड में कार अनियंत्रित होकर दुकान में घुसी



**राजनांदगांव।** एक कार अनियंत्रित होकर रोड के टर्निंग के पास दुकान में घुस गई। इस घटना में दो-तीन लोगों को चोंटे आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुरमुन्दा के पास टर्निंग में आज एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और रोड किनारे स्थित एक दुकान के बाहर जा घुसी। बताया गया कि इस दुर्घटना में दुकानदार सहित एक-दो अन्य लोगों को भी चोंटे आई है। उक्त घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया था।




### निर्माण कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

# मेयर ने साफ-सफाई, निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर मधुसूदन यादव शुक्रवार सुबह कंचनबाग, मोतीपुर स्कूल, स्टेट स्कूल व सर्वेश्वरदास स्कूल का जायजा लिया। वहीं दोपहर अटल परिसर निर्माण कार्य तथा दुर्गा चौक रोड समता भवन के पास नाला देख शहर में साफ-सफाई रखने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

महापौर ने दुर्गा चौक रोड स्थित समता कालोनी के पास नाला की बदबू की शिकायत पर कालोनीवासियों से मुलाकात कर उप अभियंता अनूप पांडे को नाला दुरूस्त कर कालोनी क्षेत्र के नाला ढंकने व चेम्बर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी से नाला सफाई कराने कहा। निरीक्षण के दौरान सावन वर्मा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, रवि सिन्हा, सतीश साहू, चंद्रशेखर लश्करे, विजय राय व शरद सिन्हा तथा निगम का अमला उपस्थित था।



#### ग्रेनाइट व टाईल्स के कार्य में लाए तेजी

महापौर यादव शुक्रवार दोपहर वर्धमान नगर के पास निर्माणाधीन अटल परिसर का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता ने बताया कि प्रतिमा के लिए पेडेस्टल, बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है, अन्य कार्य प्रगति पर है। उन्होंने ग्रेनाइट व टाईल्स लगाने के कार्य में तेजी लाकर विद्युतीकरण करने के निर्देश देते कहा कि निर्माण में तेजी लाएं, इसके लिए मेन पावर बढ़ावे, कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करें।

#### स्कूल उद्यान का भी किया निरीक्षण

महापौर यादव आज सुबह कंचनबाग में साफ-सफाई दुरूस्त करने, बारिश पूर्व नाला सफाई करने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को निर्देश दिए। उन्होंने कंचनबाग में विश्वकर्मा मंदिर का निरीक्षण कर वार्डवासियों का हाल निर्माण करने मांग पर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश उप अभियंता अशोक देवांगन को दिए। निरीक्षण की कड़ी में उन्होंने स्टेट स्कूल उद्यान का निरीक्षण कर विभिन्न आयोजनों के लिए दुरूस्त करने निर्देशित किए। साथ ही सर्वेश्वरदास स्कूल में प्रयोग शाला निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मोतीपुर मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर मरम्मत करने कहा। जिससे बरसात में विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा न हो।

# कांग्रेस ने जलाया ईडी और बीजेपी का पुतला



- कांग्रेस भवन पर ईडी की कार्रवाई का विरोध

**राजनांदगांव।** शराब घोटाले के मामले में जांच कर रही ईडी द्वारा सुकमा जिले में कांग्रेस भवन पर कार्रवाई करते हुए इसे अटैच कर कुर्की के लिए कार्रवाई किए जाने का विरोध किया है ।

आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नारेबाजी करते हुए कांग्रेस भवन परिसर से रैली निकाली और महाकाल चौक पहुंचकर ईडी एवं भाजपा का पुतला जलाया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेष की भावना से काम कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किए जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पुतला दहन किया जा रहा है। वहीं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर रही गई है। उनके इशारे पर ही सुकमा के राजीव भवन को अटैच किया गया है।

#### जमकर की नारेबाजी

कांग्रेसियों ने जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन परिसर से रैली निकालकर महाकाल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा और ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया और ईडी एवं केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

#### कांग्रेसी शामिल

कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस पुतला दहन में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पदम कोठारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, शारदा तिवारी, रूपेश दुबे, थानेश्वर पाटिला, हेमा देशमुख, झम्मन देवांगन, आसिफ अली, अभिमन्यु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

## पृष्ठ 13 का शेष

### अचानक पहुंचे डीजीपी...

एएसपी सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी पुलिस की समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें डीजीपी द्वारा बेसिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

**नक्सल उन्मूलन हेतु करें प्रभावी कार्रवाई-** शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के संबंध में निर्देशित किया गया। थाना स्तर पर जनसंपर्क बेहतर बनाने, महिला सुरक्षा और लंबित मामलों के निष्पादन करने निर्देशित करते संवेदनशीलता, तत्परता और ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने की सलाह दी और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था ड्यूटी, आसूचना संकलन और पुलिसिंग में कसावट लाने तथा सीएसपी एवं एसडीओपी को अपराधों का पर्यवेक्षण करने अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही रेंज में नक्सल उन्मूलन हेतु चारो जिले के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर रणनीति बनाकर प्रभावी कार्रवाई करने कहा गया।

**महकमे में कसावट लाए-** डीजीपी द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों को पुलिस महकमें में कसावट लाने के लिए निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के पश्चात डीजीपी ने पीटीएस राजनांदगांव पहुंचकर वहां प्रशिक्षणरत महिला आरक्षकों के बैच से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। उसके बाद पीटीएस परिसर एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

### बार्डर पर सिर्फ...

**बागनदी-बोरतलाब के साथ चिचोला पहली पसंद-** मिली जानकारी के अनुसार इन प्रदेशों से शराब की तस्करी के बाद इन्हें शराब माफियाओं द्वारा बोरतलाव-बागनदी के साथ ही चिचोला क्षेत्र में बिक्री की जा रही है। आबकारी महकमे को भी यह जानकारी होने की बातें कही जा रही है कि कहां और किसके द्वारा शराब की बिक्री की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी पड़ोसी राज्यों से

# विश्व रक्दाता दिवस पर आशीष का सम्मान



**राजनांदगांव।** विश्व रक्तदाता दिवस पर भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चि कि त सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवी और रक्तदाता आशीष सोरी को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

स्थानीय गौरवपथ पर स्थित स्व. गोविंद सिंह निर्मलकार ऑडिटोरियम बल्ड सेंटर (पैथोलॉजी विभाग) के तत्वाधान में आयोजित संस्था सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरजीत सिंह भाटिया, गुरुमुख सिंह वाधवा, डॉ. पंकज मधुकर लुका, डॉ. अतुल मनोहर राव देशकर, डॉ. प्रतिमा कुजूर सहित शहर की सेवाभावी संस्थाएं, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में चिकित्सा महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।















विडंबना: 8 किलोमीटर तक सफर करने के बाद मिलता है शिक्षा लाभ

# लम्बी दूरी के कारण शिक्षा से वंचित हो रहे कोलेगांव की छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

एक ओर सरकार व शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दे रहे हैं और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा व बालिकाओं को उच्च शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में उन्नति के प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं जिले में अनेक ऐसे स्कूल हैं जहां उच्च शिक्षा नहीं होने के कारण छात्र-छात्राएं शिक्षा से वंचित हो जाती है, ऐसा मामला पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से सामने आया है जहां हॉयर सेकेंण्डरी की शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्राओं को 8 किलोमीटर की लम्बी दूरी तय सफर करते हुए कुण्डा जाना पड़ता है या फिर शिक्षा को तिलांजलि देना पड़ता है। ऐसी स्थिति में होनहार छात्राएं भी शिक्षा से वंचित हो जाती है, ऐसा नहीं है कि पालकों को अपने बेटी की पढ़ाई की चिंता नहीं है लेकिन बेटी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ना चाहते हुए भी स्कूल ना भेजने का निर्णय लेना पड़ता है। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव मे शासकीय हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन करने की मांग वर्षों से अधूरी है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा अनेकों बार शिक्षा विभाग से लेकर मंत्री तक गुहार लगा चुके है यहां तक कि सुशासन तिहार समाधान शिविर में भी आवेदन के माध्यम से शिकवा शिकायत किया गया है, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता। कोलेगांव के शासकीय हाई स्कूल में लगभग 110 छात्र-छात्राएं है, जिनमें लगभग 50 छात्राएं अध्ययनरत है, ऐसे में 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद उन्हें हॉयर सेकेंण्डरी की पढ़ाई करने के लिए कुण्डा जाना पड़ता है, लेकिन लम्बी दूरी तय करने के कारण अधिकांश छात्राएं शिक्षा से वंचित रह जाती है।

### हॉयर सेकेंण्डरी होता है तो आसपास के गांवों के छात्राओं को भी मिलती शिक्षा लाभ



कोलेगांव में अगर शासन प्रशासन शासकीय हाई स्कूल की उन्नयन कर हॉयर सेकेंण्डरी होती तो ग्राम अमली-मालगी, सेमरकोना, कुआंमालगी, धनेली, भगतपुर, पिपरमाटी, बसनी, रेहुटा, सूरजपुरा, खैलटुकरी सहित आसपास क्षेत्र के छात्राओं को शिक्षा लाभ मिलता। ग्रामीणो ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब भी मांग की गई वहीं कांग्रेस शासन काल में भी विधायक को हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल उन्नयन को लेकर अवगत कराए गए थे। लेकिन अभी शासकीय हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में उन्नयन नही हो पाया।

### शासन की मंशा पर फिरने लगा पानी

ग्रामीणों की मांग के बाद भी कोलेगांव हाई स्कूल को हॉयर सेंकेण्डरी में उन्नयन नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से पालकों में शिक्षा विभाग की इस लापरवाही के कारण रोष व्याप्त है, पालकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शासन की बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के सपने पर पानी फिरने लगा है और क्षेत्र की सभी छात्राएं व उनके पालक भी मायूस होकर रह जाती है।

### सफर करने मे होती है भारी दिक्कते

छात्राओं का कहना है कि उन्हें आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, 8 किलोमीटर की लम्बी दूरी सफर के दौरान जहां कई मनचले आशिकों के अभद्र टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है तो कई बार सायकल पंचर होने पर उन्हें पैदल ही सफर करने की मजबूरी बन जाती है। अगर हाई स्कूल को हायर सेकेंण्डरी में उन्नयन किया जाए तो लड़कियां भी अपने सपने को आसानी से पंख दे सकेंगी।

### पालकों को सता रही चिंता

क्षेत्र में हॉयर सेकेण्डरी नही होंने की वजह से पालकों को चिंता सतानें लगी हैं कि उनके बेटियों का सपना कैसे पूरा होगा। पालकों ने कहा कि एक तरफ लड़कियां देश में नित नए आयाम को हासिल करते हुए अपने देश व राज्य को गौरव दिला रही है। वहीं उनकी लड़कियां होनहार होने के बाद भी शिक्षा से वंचित हो जाती है।

# शासकीय जमीन पर कब्जा, रहवासियों में आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पालिका पंडरिया के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित शासकीय भूमि पर एक दबंग व्यक्ति द्वारा पद, पहुंच और पुलिस में रिश्तेदारी का धौंस दिखाकर अवैध कब्जा किए जाने से मोहल्ले वासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस अतिक्रमण के खिलाफ मोहल्ले के दर्जनों नागरिकों ने एकजुट होकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा है और सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कुकदुर मार्ग स्थित खसरा नंबर 562/1, रकबा 1.8210 हेक्टेयर की शासकीय भूमि वर्षो से मोहल्ले के निस्तारी, गौठान और सामूहिक आयोजनों के उपयोग में लाई जाती रही है। इस जमीन पर पूर्व में नगर पालिका द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूप और पंप हाउस बनाया गया था, जिसे तोड़कर स्थानीय नागरिकों महेत्तर सोनवानी ने पहले भी इसी भूमि पर एक दुकान का निर्माण कर लिया था और अब उसी शासकीय जमीन के शेष हिस्से पर चार दीवारी खड़ी कर गोदाम निर्माण करवा रहा है।

मोहल्लेवासियों द्वारा विरोध करने पर वह अपने बेटे के पुलिस में होने की धमकी देकर दबाव बना रहा है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी बताया कि महेत्तर सोनवानी अतीत में भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर चुका है। पंडरिया के अनुसूचित जनजाति छात्रावास के पास नाले के किनारे स्थित सरकारी जमीन पर मकान निर्माण कर लिया था, जिसे प्रशासन ने लेंटर स्थिति में तोड़ दिया था। इसके बावजूद अब दोबारा करीब 100 फीट लंबी और 50 फीट चौड़ी जमीन पर दीवार खड़ी कर गोदाम बनवाया जा रहा है। जिस पर मोहल्लेवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की गई।

### आरपीएस में तीन दिवसीय समर कैम्प संपन्न




**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के लिए एक रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान के लिए तीन दिवसीय समर कैम्प का आयोजन 12 से 14 जून तक आयोजित किया गया। इस समर कैम्प का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती एम शारदा और डायरेक्टर आदित्य चन्द्रवंशी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस कैम्प में बच्चों ने विभिन्न मजेदार और शैक्षणिक गतिविधियों में हिस्सा लिया और जैसे कला और शिल्प, संगीत और नृत्य, खेल-कूद, योगा और ध्यान, फ्लेमलेस कुकिंग (आग रहत पाक कला), विभिन्न प्रकार के केश सज्जा, नेल आर्ट, लूडो, चेस, स्पूकी शो, पूलपार्टी रेनडांस, साथ ही नन्हें बच्चों के लिए (ले विथ फोम, मिकी माउस, ट्रैम्पोलिन, हेलीकॉप्टर, कार राइडिंग जैसी मनोरंजक गतिविधियां शामिल थी। बच्चों के लिए यह एक यादगार अनुभव साबित हुआ। इस तीन दिवसीय समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। वहीं समर कैंप के समापन समारोह में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और विशेष सम्मानित किया गया। समर कैम्प के आयोजन के संबंध में डायरेक्टर डॉ आदित्य चन्द्रवंशी ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सभी गतिविधियों के लिए मंत्र प्रदान करना है, जिसके लिए इस शानदार समर कैम्प का आयोजन हमने अपने विद्यालय में सभी विद्यालयों के बच्चों के लिए किया, जिसके सफल आयोजन में पूरे विद्यालय परिवार ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# ठेकेदार की भारी मनमानी आवागमन बाधित, ग्रामीण व राहगीर परेशान



■ सड़क हादसे का शिकार हो रहे राहगीर वाहन चालक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

बोड़ला ब्लॉक के ग्राम रीवापार में प्रधानमंत्री सड़क की हाल-बेहाल व जर्जर होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिनकी जानकारी बोड़ला एसडीएम को समाधान शिविर के माध्यम शिकवा शिकायत की गई, लेकिन अभी तक समस्या का कोई निराकरण नहीं किया गया है। जिसके कारण करीब 10 से 15 गांवों ग्रामीणों व राहगीरों की दिक्कते बढ़ गई। मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदारों व कर्मचारी की भारी लापरवाही पूर्वक काम काज व ओवर लोड ट्रक के आवाजाही के कारण पोंड़ी से रीवापार रोड में आवागमन करना बाधित तथा राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदारों की भारी अनदेखी व मनमानी इतनी ज्यादा है कि सुपरवाइजर की बात करने का रवैया तथा आपको जहां लगता है शिकायत कीजिए और तो और बीच रोड में मिट्टी डाल कर अपनी काम चला रहे है लेकिन लोगों की परेशानी और बढ़ती जा रही है। सड़क निर्माण कार्य में मिट्टी का उपयोग करने से भोले-भाले व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। वहीं एक संजीवनी वाहन एंबुलेंश भी फसा हुआ था, जिसे आनन-फानन में निकाला गया। जिस पर ग्रामीणों ने ठेकेदार की घोर लापरवाही को बोड़ला एसडीएम से शिकायत कर निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराए जाने की अपील की गई। ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को राहत व सुविधा मिल सके।

# विनायक पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय किड्स कैंप संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के दानवीर भामाशाह शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल रामनगर-शंकर नगर कवर्धा में न्यू थिंक, न्यू फ्लाइट कार्यक्रम अंतर्गत 11 जून से 14 जून तक चार दिवसीय (किड्स कैम्प) का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अति-महत्वपूर्ण विभिन्न प्रकार के रुचिकर एडवेंचर विभागों जैसे योगा, सूर्य-नमस्कार, मेडिटेशन, कराटे, झूला, राउंडर, फिसल-पट्टी, रेस, चेयर रेस, फ्रॉग रेस, सिंगल डांस, ग्रुप डांस, म्यूजिक डांस, सिंगिंग, स्पीच, आर्ट एंड क्राप्ट, फुटबॉल, बैडमिंटन, लीडरशिप, बाल सभा, कन्वर्सेशन एवं विभिन्न प्रकार के एडवेंचरों इत्यादि के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों की उम्र अनुसार प्रतिदिन अलग-अलग एक्टिविटी कराई गई। जिससे बच्चों के अन्दर, नैतिक शिक्षा के साथ-साथ, शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, बौद्धिक, क्षमताओं का समग्र विकास व सांस्कृतिक, रचनात्मक, कलात्मक तथा लेखन कलाओं की क्रियाओं का समावेश एवं देश-दुनिया की विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियां प्रदान की गई। जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क था।

इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों की उम्र अनुसार प्रतिदिन अलग-अलग विभागों का समावेश कर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओ व अन्य स्टाफ द्वारा समग्र शिक्षा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस पर सभी विभागों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार और उत्कृष्ट प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार स्कूल के डायरेक्टर एवं प्रभारी प्राचार्य द्वारा प्रदान किया गया।

### गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल में समर कैंप संपन्न

**हरिभूमि स/लोहारा।** सहसपुर लोहारा अंतर्गत बांधाटोला गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप का समापन समारोह शनिवार को बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्जवल और मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शीतल साहू (सहायक प्राध्यापक, शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा), विद्यालय निर्देशक डॉ भूपेंद्र चंद्राकर, संस्थापक नरेंद्र कुमार चंद्राकर, प्राचार्या श्रीमती निहारिका चंद्रवंशी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष वैष्णव द्वारा किया गया और कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय अनामिका चंद्रवंशी ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि शीतल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा, समर क्लास बच्चों के छुपे हुए हुनर और रचनात्मक क्षमताओं को बाहर लाने का बेहतरीन मंच है। इस प्रकार के शिविर बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और व्यक्तित्व विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभाओं को पहचानें और उन्हें और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहें। इस समारोह में बच्चों ने नृत्य, संगीत, नाट्य आदि विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी विभिन्न खेलों में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



# रौचन संकुल में नए शिक्षण सत्र शुभारंभ, पूर्व टीबीसी प्रशिक्षण व वार्षिक कार्य योजना तैयारी पूर्ण



■ नए शिक्षण सत्र का शुभारंभ 16 जून से, बैठक आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संकुल केंद्र रौचन में पांच शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, नौ शासकीय प्राथमिक शाला व एक हाई स्कूल के समस्त प्रधानाध्यापक एवं प्रदेश 45 शिक्षकों की बैठक संकुल मुख्यालय में आयोजित की गई। संकुल प्राचार्य शिवकुमार सिन्हा ने नए शिक्षण सत्र 2025-26 का शुभारंभ 16 जून प्रारंभ होने पूर्व जिला शिक्षा की बैठक के निर्धारित जेंडर एवं शान द्वारा निःशुल्क गणवेश, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण पूर्व बीबीसी प्रशिक्षण आयोजित की।

प्रशिक्षक भानुप्रताप राजपूत कार्यकारी संकुल शैक्षिक समन्वयक ने प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षकों को अपने मोबाइल से स्कैनिंग कार्य पूरा करने प्रशिक्षण दिया, सेवानिवृत्त सीएसी दिलीप सिंह ठाकुर ने अपना-अपना संपूर्ण प्रभार संकुल प्राचार्य को सौंपते हुए सामूहिक बैठक में संकुल के सुबह व्यवस्थित संचालन करने अपना अनुभव एवं कार्य करने की दक्षता मीटिंग में रखी। संकुल प्राचार्य ने संकुल के प्रधान पाठक अनिल कुमार श्रीवास्तव, नकुल राम वर्मा, मनोज चंद्रवंशी, टेकराम साहू एवं दिलीप कुमार नागवंशी सहित शासकीय प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीमती नीता पटेल, लता टेकाम, बुद्धियारीन ध्रुव, संध्या तिवारी, श्वेता मिश्रा सहित 30 शिक्षकों को शाला प्रवेशात्सव, डेली डायरी का संधारण डेली डायरी का संधारण, वार्षिक साल कैलेंडर, पाठ्यक्रम निर्धारण, आवश्यक मरम्मत कार्य, समय पर शिक्षकों की उपस्थिति एवं संकुल स्तर पर उच्च कार्यालय के आवश्यक निर्देश प्रसारित कर संकुल प्राचार्य ने संकुल की कार्य योजना पूर्ण की। हाई स्कूल रौचन में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर सामूहिक पौधरोपण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला तथा मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ भी ली गई।

संकुल स्तर पर विकासखंड बोड़ला से प्राप्त समय-समय पर सामग्री का वितरण जिसमें अभ्यास पुस्तिका खेल सामग्री जीएलएन किड, गणित विज्ञान कीट, आवश्यक पोस्टर, मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा की पुस्तिका, कक्षा 1 ली से कक्षा पांच वी अभ्यास पुस्तिका टाट-पट्टियां वितरित कर आवश्यक पंजी संधारण के निर्देश भी प्रसारित किए गए।

बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई, प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में नौ दिवसीय एडवेंचर समर कैंप कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा ने सदा ही अपने सामाजिक सरोकारों को प्रमुखता दी है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए रोमांचक ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन 8 से 14 जून तक आयोजित किया गया। वहीं शनिवार को एडवेंचर समर कैंप के समापन समारोह पूर्ण भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।


इस समारोह के मुख्य अतिथि विनय केशरवानी, विशिष्ट अतिथि महावीर जैन उपस्थित थे। सम्मानित अतिथि की आसंदी को नेहा बोथरा ने सुशोभित किया, प्रभारी प्राचार्य ने सबका स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कैंप के उद्देश्य को रेखांकित किया। इस सात दिवसीय एडवेंचर समर कैंप में विद्यार्थियों के शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास से संबंधित रोमांच (एडवेंचर) से संबंधित गतिविधियों (वॉल क्लाइंबिंग रोप लाइनिंग, कमांडो नेट), आर्ट एंड क्राफ्ट (पेपर पेंटिंग स्टोन पेंटिंग, चित्रकला मूर्ति कला, मेहंदी, टैटू) व्यक्तित्व विकास (आपसी व्यवहार प्रभावी संवाद शैली शारीरिक मुद्रा) शैक्षिक गतिविधि (स्मृति परीक्षा, नाटक एकांकी स्टोरी टेलिंग, वैदिक गणित, एबाकस भाषा शिक्षण तथा कैलीग्राफी) क्रीड़ा से संबंधित (बैडमिंटन टेबल टेनिस, शतरंज स्विमिंग पूल पार्टी) तथा मनोरंजन के साथ शिक्षण जनित (बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, थ्री डी शो) आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन क्रियात्मक गतिविधियों को कुशल शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सिखाया गया।

इस समापन समारोह में अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के इस आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की। पालकों ने भी इस आयोजन से अपने बच्चों में आए बदलाव के विषय में बतलाया। इस सात दिवसीय एडवेंचर समर कैंप में विद्यार्थियों ने जो कुछ सिखा, उसकी मंचीय-प्रस्तुति जैसे नृत्य, गीत, वादन-गायन एवं सोशल मीडिया की जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग पर आधारित नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत कर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इसमें करीब 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में विद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज ने आभार प्रदर्शन किया। इस सात दिवसीय समर कैंप के सफल आयोजन पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी गण एवं प्रभारी प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि बच्चों के हित में ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे।

# सीसी रोड निर्माण कार्य से छात्राओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवड़न खुर्द में एक नहीं दो सरकारी स्कूल संचालित हो रही है। वहीं कवर्धा विधायक एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर 7 लाख 80 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड की स्वीकृति मिली। सीसी रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति राशि मिलते ही ग्राम पंचायत सरपंच अमित चंद्रवंशी ने रवेली मार्ग से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवड़न खुर्द तक सीसी रोड निर्माण कराया गया, जो 200 मीटर लम्बी सीसी रोड निर्माण किया गया। अब नए शिक्षा सत्र में स्कूली छात्र-छात्राएं को नव-निर्मित सीसी रोड का लाभ मिलेगी। जिस पर हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी व आत्मादास मानिकपुरी तथा ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया।

**कार्रवाई :** पीड़ित युवती की शिकायत पर कवर्धा महिला पुलिस ने की कार्यवाही

# दैहिक शोषण के आरोप में जिम ट्रेनर किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम पुलिस ने विवाह का झांसा देकर एक युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 33/2025 (धारा 69 बीएनएस, 376, 376(2) (एन), 313 भादवि) के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवति ने आरोपी सूरज ठाकुर आयु 28 वर्ष निवासी ठाकुर पारा कवर्धा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम के विरूद्ध महिला थाना कवर्धा में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया है। पीड़िता की इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 33/2025 (धारा 69 बीएनएस, 376, 376(2) (एन), 313 भादवि) दर्ज कर मामले को जांच में लिया। जांच और पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने युवती के साथ अलग-अलग स्थानो पर, विवाह का विश्वास दिलाकर शारीरिक शोषण किया।

साथ ही उसने एक अन्य लड़की से सगाई भी की और इस बात की जानकारी पीड़िता से छिपाकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद घटना स्थल का भी निरीक्षण किया साथ ही पीड़िता व आरोपी का शरीरिक परीक्षण भी किया। आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने सूरज ठाकुर को 13 जून की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक कवर्धा में ही जिम ट्रेनर है और इसी जिम में उसकी मुलाकात युवती से हुई थी। आरोपी ने पहले उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

### आरोपी कवर्धा नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित जिम का ट्रेनर



यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी सूरज ठाकुर आयु 28 वर्ष निवासी ठाकुरपारा, कवर्धा न केवल राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी है, बल्कि कवर्धा नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित एक जिम का ट्रेनर भी है। इसी जिम में व्यायाम के लिए आने वाली एक युवती ने सूरज पर शादी का भरोसा दिलाकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने और बाद में दूसरी लड़की से सगाई कर धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी अप्रैल माह में ही सूरज ठाकुर को नेपाल में पदक जीतने पर पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया था। लेकिन आज सम्मान प्राप्त करने वाले वही हांथ हथकड़ी में जकड़े दिखाई दे रहे हैं।

# कांग्रेसियों ने किया केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी व भाजपा का पुतला दहन

### भाजपा सरकार पर जांच ऐजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप






- कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में भाजपा सरकार व प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन कर भाजपा सरकार तथा ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियां अपनी सीमाओं को लांघ रही हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस के सुकमा जिला कांग्रेस भवन को एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा के परिजनों की संपत्ति ईडी की ओर से अटैच किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। कांग्रेस अपने भवनों के बनाने के खर्च के एक-एक पैसे का हिसाब दे देगी। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रूपए की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे का रूपए कहां से आया, इसकी जांच करके दिखाए? कांग्रेस नेतओं ने कहा कि ईडी भाजपा के इशारे पर कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा और उनके परिजनों की कुछ संपत्तियों को भी अटैच किया है। यह आदिवासी नेता को परेशान करने की साजिश है। उन्होने कहा कि ईडी की कार्यप्रणाली शुरू से ही संदेह के दायरे में रही है। ईडी कांग्रेस नेताओं व विपक्षी दलों को परेशान करने, उनकी छवि धूमिल करने के लिए काम कर रही है। जनता ईडी के इन षड़यंत्रो को भली भांति समझ रही है। इस प्रकार के षड़यंत्रो का जवाब जनता आने वाले समय में देगी। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसियों का कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं के खिलाफ खुलकर दुरूपयोग किए जाने को लेकर ही आज कांग्रेस पार्टी ने ईडी और भाजपा का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नपा का तालाब स्वच्छता अभियान आज

**कवर्धा।** कवर्धा शहर को स्वच्छ सुंदर और विकसित शहर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा साप्ताहिक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने बताया कि इसी कड़ी में 15 जून 2025 को दर्री तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्री तालाब में स्वच्छता अभियान प्रातः 6:00 बजे दर्री तालाब दर्री पारा कवर्धा में किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका प्रशासन, पार्षद, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था तथा शहरवासी शामिल होंगे।

### बीएड विभागीय प्रशिक्षण के लिए चयन सूची जारी

**कवर्धा।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर, रायपुर द्वारा बीएड (विभागीय) सत्र 2025-27 के लिए अंतिम चयन सूची व प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची वेबसाइट व राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी 20 जून तक इस सूची में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार के आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक सात में प्रवेश प्रभारी में अपना अभ्यावेदन दे सकते हैं।

### हल्की बूंदा बांदी ने बढ़ाई भारी उमस व गर्मी

**कवर्धा।** भीषण गर्मी के बीच शनिवार की शाम को हुई हल्की बूंदा बांदी ने एक बार फिर लोगों को हलाकान और परेशान कर दिया है। बेमौसम हुई इस बूंदा बांदी के बाद भीषण गर्मी के बीच उमस बढ़ गई।

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ का स्कूल खुलने से पूर्व ही अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन के आदेशानुसार 16 जून से प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ होने जा रहा है लेकिन इससे पूर्व ही 15 जून से छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के आव्हान पर स्कूल सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के साथ कुछ नई मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। माना जा रहा है कि स्कूल सफाई कर्मचारियों की एन स्कूल खुलने के पूर्व प्रारंभ होने वाली इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से लम्बे समय बंद पड़े प्रदेश सहित जिले के सरकारी स्कूलों की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के कबीरधाम जिलाध्यक्ष टीकम निर्मलकर ने बताया कि संघ द्वारा लम्बे समय से स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग की जा रही है। लेकिन संघ की इस मांग पर शासन द्वारा आज पर्यंत कोई निर्णय नहीं लिया है आज भी स्कूल सफाई कर्मचारियों से पूर्वकालीन सेवाएं लेकर अंशकालीन भुगतान किया जा रहा है। वहीं संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि शासन की युक्तियुक्तकरण नीति से जो स्कूल सफाई कर्मचारी प्रभावित हुए है उन्हें दूसरे स्कूलों में समाजित किए जाने की मांग को लेकर संघ ने 15 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने का ऐलान किया है। जिसकी जानकारी संघ ने बकायदा ज्ञापन सौंपकर जिला स्तर पर शासन-प्रशासन को दे दी है। संघ ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान समय-समय पर ब्लॉक, जिला, प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराएंगे।



## शहर में आए हिरन के बच्चे का किया गया रेस्क्यू...



**बोड़ला।** बोड़ला वन परिक्षेत्र अंतर्गत हिंदू संगम भारत भवन के पास स्थित तालाब में बीते शुक्रवार को एक हिरण का बच्चा भटक कर पहुंच गया। इसे गनीमत ही कहें कि हिरन पर आवारा कुत्तों की नजर पड़ने से पहले ही स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू कर उसे वापस जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

# पक्का आवास बन जाने से पूरे परिवार का भविष्य सुखमय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय तक अब शासन की योजनाओं का लाभ सशक्त रूप से पहुँच रहा है। वर्षों से झोपड़ी व कच्चे मकानों में जीवन बिताने वाले इन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय महान्याय (जनमन) आवास योजना आशा की एक नई किरण बनकर उभरी है। बोड़ला विकासखंड के बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत राजाढार निवासी देवसिंह बैगा लंबे समय से मिट्टी के कच्चे घर में अपने परिवार के साथ रहते थे। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल सपना था। लेकिन वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उनका नाम पात्रता सूची में शामिल किया गया और उनका आवास स्वीकृत हुआ। जैसे ही स्वीकृति मिली, उन्हें निर्माण हेतु पहली किश्त के रूप में 40,000 की राशि उनके खाते में मिली। इसके बाद द्वितीय किश्त 60,000, तृतीय किश्त 80,000 तथा अंतिम किश्त 20,000 भी निर्माण प्रगति के अनुसार जारी की गई। कुल 2 लाख की सहायता से उन्होंने अपना पक्का मकान तैयार कर लिया। इतना ही नहीं श्री देवसिंह को मनरेगा के तहत 95 दिन का रोजगार भी मिला जिससे उन्हें अतिरिक्त 23,000 की मजदूरी प्राप्त हुई। यह उनके लिए आर्थिक रूप से दोहरी मदद साबित हुई। देवसिंह बैगा बताते हैं कि पुराने कच्चे मकान में बरसात के समय पानी टपकता था, दीवारों में सीलन रहती थी और जीव-जंतुओं का डर बना रहता था। अब परिवार सुरक्षित है।

# सांसद प्रतिनिधि समेत गांव के 7 परिवार के 50 सदस्यों का सामाजिक बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के लोहारा ब्लॉक अंतर्गत सिंघनगढ़ गांव के सरपंच और गांव के कुछ दबंगों ने एक बेतुका फरमान जारी कर सांसद प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच भगवानी साहू समेत 7 परिवार के 50 सदस्यों का समाजिक बहिष्कार कर उनका हुक्का पानी बंद करवा दिया। पीड़ित परिवार अब इस अन्याय के खिलाफ पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पीड़ितों ने इस पूरे मामले की शिकायत जिला पुलिस अधीक्षक से कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित भगवानी साहू सहित अन्य लोगों ने पुलिस प्रशासन को सौंपे अपने शिकायत पत्र में बताया कि इस पूरी फसाद की जड़ स्थानीय आयुर्वेद अस्पताल में फॉर्मासिस्ट के पद में कार्यरत विद्यासिंह धुर्वे है। जिसने प्रभावित ग्रामीणों के प्रति षड़यंत्र रचा है। श्री साहू ने बताया कि गांव में कुछ दबंगों द्वारा गांव में जुआ, सट्टा खिलाते हैं जिसकी शिकायत विधायक से करते हुए कार्यवाही कराए जाने की मांग की गई थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने हुक्का पानी बंद करने का फरमान जारी किया है। सामाजिक बहिष्कार के लिए सरपंच ने गांव में बैठक भी बुलाई और हमारा सामूहिक बहिष्कार कर दिया। सरपंच ने मुनादी कराई गई है की इन परिवारों से बातचीत या लेनदेन करने पर 1 हजार रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। पीड़ित परिवार इस फैसले से सकते में हैं। सभी बहिष्कृत परिवारों ने अब पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।



## बिजनेस प्लस

### डॉ. शिवांग गुप्ता ने डॉक्टर बनने का सपना देख रहे विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**रायपुर।** रसिया से एमबीबीएस की डिग्री हांसिल कर आज भारत के एक सरकारी अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहे डॉ. शिवांग गुप्ता ने डॉ बनने का सपना देख रहे देश के विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। डॉ गुप्ता ने एक चर्चा के दौरान बताया कि उन्होने नीट-यूजी पास करने की कोशिश में 3 साल तक पढ़ाई छोड़ दी। उन्होने अपना सबकुछ झोंक दिया। लेकिन यह काफी नहीं था। हर साल, वह पिछले साल से लगभग 80 अंक ज़्यादा स्कोर करते थे, लेकिन कटऑफ बस उनसे आगे भागता रहता था। उन्होने कहा कि यह सब देखकर ऐसा लगता था कि चाहे मैं कितना भी सुधार कर लूं, सिस्टम मुझे सीट नहीं दिला सकता। मुझे लगने लगा था कि शायद मैं डॉक्टर नहीं बन सकता। लेकिन उन्हें 6 साल बाद रसिया में एमबीबीएस करने का विकल्प मिला। उन्होने रसिया से डॉक्टर की डिग्री प्राप्त की, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, दुनिया भर के दोस्त और एक ऐसा करियर प्राप्त किया जिसका उन्होने सपना देखा था। डॉ गुप्ता ने बताया कि आज वह भारत में एक सरकारी अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहे हैं और छात्रों को अपना रास्ता खोजने में मदद कर रहे है। ताकि डाक्टर बनने की इच्छा रखने वाले सभी विद्यार्थी अपना सपना साकार करें। डॉ गुप्ता ने बताया कि हर साल, भारत में सिर्फ़ 1 लाख मेडिकल सीटों के लिए 20+ लाख छात्र नीट में प्रतिस्पर्धा करते हैं। सरकारी कॉलेज में तो और भी कम छात्र प्रवेश पाते हैं। इस बीच, निजी कॉलेज 70 लाख से 1.5 करोड़ रुपए मांगते हैं साथ ही भारी मात्रा में डोनेशन लेकिन रसिया में एमबीबीएस की पढ़ाई बिना डोनेशन के, बिना कंपटीशन के और वैश्विक मान्यता के साथ की जा सकती है।

**विद्या अध्यन का जुनून, तेरह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल कर रचा इतिहास,**

# शिक्षा के क्षेत्र में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी का अद्वितीय कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले से शिक्षा के क्षेत्र में एक असाधारण उपलब्धि सामने आई है, जिसने पूरे राज्य का ध्यान अपनी ओर खींचा है। शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्राचार्य का दायित्व निभा रहे गणित विषय के व्याख्याता व ग्राम परसवारा निवासी डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने अपनी अविश्वसनीय सीखने की ललक और समर्पण से एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने हाल ही में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से स्वाध्यायी छात्र के रूप में एम.ए. अंतिम अंग्रेजी की परीक्षा उत्तीर्ण कर कुल तेरह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर लिया है। यह उपलब्धि उन्हें जिले व प्रदेश का पहला और एकमात्र व्यक्ति बनाता है, जिसने शिक्षा के इस शिखर को छुआ है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती और निरंतर सीखने की इच्छा रखने वाले किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. रमेश चन्द्रवंशी का अकादमिक सफर दशकों पुराना है, जो सीखने और सिखाने के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने 1996 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अध्ययन शाला से एम.एस-सी. गणित में प्रावीण्य सूची में पाँचवें स्थान पर रहते हुए अपनी स्नातकोत्तर यात्रा की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने अपनी विशेषज्ञता को शिक्षा के क्षेत्र में विस्तारित किया। उन्होंने सन 2005 में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर से नियमित छात्र के रूप में जनभागीदारी विद्यालयों के संगठनात्मक वातावरण, उपलब्ध सुविधाओं एवं समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर लघु शोध कार्य सफलतापूर्वक पूरा करते हुए प्रथम श्रेणी में मास्टर ऑफ एजुकेशन की उपाधि प्राप्त किया। उनकी स्नातकोत्तर की यात्रा यहीं नहीं रुकी। डॉ. चन्द्रवंशी ने लगातार विभिन्न विषयों में महारत हासिल करते हुए अपनी ज्ञान की परिधि को बढ़ाया। उन्होंने 2004 में राजनीति विज्ञान, 2007 में अर्थशास्त्र, 2009 में इतिहास, 2011 में हिन्दी साहित्य, 2013 में समाजशास्त्र, 2015 में लोक प्रशासन, 2017 में भूगोल, 2019 में दर्शनशास्त्र, 2021 में प्राचीन भारतीय इतिहास, और 2023 में भाषाविज्ञान में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनकी नवीनतम उपलब्धि 2025 में अंग्रेजी में मास्टर डिग्री प्राप्त करना है, जिसने उनके असाधारण अकादमिक सफर को तेरहवें स्नातकोत्तर के साथ पूरा किया। यह दर्शाता है कि वे न केवल गणित और शिक्षा के क्षेत्र में निपुण हैं, बल्कि उन्होंने विभिन्न सामाजिक विज्ञान, मानविकी और भाषाओं में भी महारत हासिल की है।



# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा 18 जून को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में संघ ने बताया कि संघ के प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक गत 18 मई को आयोजिक की गई थी जिसमें लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर 18 जून के पूर्व विचार कर निराकरण नहीं होने के कारण शासन को ध्यान आकर्षण ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया था। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनरों को वर्तमान में 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जबकि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, फलस्वरूप केन्द्र एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक से महंगाई भत्ता में 2 प्रतिशत की वृद्धि की किए जाने, शिक्षकों के विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही किए जाने, केन्द्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किए जाने, शिक्षक/लिपिक सहित विभिन्न संवर्गो के वेतन विसंगति दूर करने हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन यथाशीघ्र सार्वजनिक किए जाने, प्रदेश के सभी संवर्गों के अधिकारी/कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश शीघ्र जारी किए जाने, उत्तर प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ अधिकारी/कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने, सभी संवर्गों के लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किए जाने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किए जाने तथा मध्यप्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने, शासन द्वारा श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश पुनः सभी विभागों को प्रदाय करने हेतु निर्देशित किए जाने सहित अन्य मांग शामिल है। संघ के अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को ज्ञापन के लिए कवर्धा में उपस्थित होने का आव्हान किया है।